## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने कहा – देश में कच्चे तेल का है पर्याप्त भंडार, सभी तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से कर रहे हैं काम।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता में करेंगे पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का उद्घाटन, मुरी और रांची होकर गुजरेगी ट्रेन।

3. विधानसभा में उठा जल संकट और युवाओं में नशे की लत का मुद्दा– चापाकल लगाने और नशे के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स बनाने की मांग।

4. रांची में कल से खेले जाएंगे वीमेंस अंडर 23 क्रिकेट के नॉकऑउट मुकाबले, पंजाब, दिल्ली और मुंबई समेत 10 टीमें लेंगी हिस्सा।

**********************

सरकार ने कहा है कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और सभी तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत पेट्रोल और डीजल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के हो रही है।

संयुक्त सचिव ने यह भी कहा कि 25 हजार एलपीजी वितरकों के पास एलपीजी की कोई कमी नहीं है और प्रतिदिन 50 लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

वही, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सेंथिल राजन ने लोगों से एलपीजी की बुकिंग केवल आधिकारिक माध्यमों से करने की अपील की और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने को कहा है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर में कोलकाता में लगभग 18 हजार 680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट–

यह ट्रेन पुरुलिया से दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर रवाना होगी और मुरी समेत अन्य स्टेशनों से होते हुए शाम 5 बजकर 45 मिनट पर रांची स्टेशन पहुंचेगी। इस अवसर पर आज रांची स्टेशन परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे।

**********************

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार सभी अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी योजनाएं पहलें निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी तरीके से लागू की जाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छोटे और कमजोर वर्गों को उचित लाभ मिले।

**********************

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 22 टन थ्रस्ट वाले सीई–20 क्रायोजेनिक इंजन के सफल परीक्षण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि नोजल सुरक्षा प्रणाली और बहु–तत्व इग्नाइटर से युक्त यह सफल परीक्षण देश की उन्नत क्रायोजेनिक प्रणोदन क्षमताओं को मजबूत करने और एलवीएम–3 कार्यक्रम की विश्वसनीयता को और बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**********************

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान आज राज्य में जल संकट और युवाओं में नशे की लत का मुद्दा जोर–शोर से उठा। भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव ने अपने क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे में जल्द से जल्द चापाकल लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इधर, बड़कागांव के विधायक रौशन लाल चौधरी और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में युवा सूखे नशे की गिरफ्त में

हैं। विधायकों ने राज्य सरकार से सभी जिलों में स्पेशल टास्क फ़ोर्स बनाये जाने की मांग की, ताकि नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

**साउण्ड बाईट – योगेन्द्र प्रसाद ऑन टास्क फोर्स – 18 सेकेंड**

इधर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सदन में कहा कि फारमेसी काउंसिल में हुई नियुक्ति की जांच की जाएगी।

**********************

झारखण्ड उच्च न्यायलय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने आज जमशेदपुर में 'राज्य स्तरीय विधिक सेवा–सह–सशक्तिकरण शिविर' का उद्‌घाटन किया। इस शिविर में जिला प्रशासन की ओर से 18 स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का भी वितरण किया गया। जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि शिविर में लगाए गए स्टॉल्स के जरिए आम नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

**********************

राजधानी रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने कल देर रात शहर के कई हिस्सों में रात्रि गश्त का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरसा चौक, मेन रोड, हरमू बायपास रोड और अरगोड़ा चौक समेत अन्य इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यों का जायजा लिया। कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में श्री रंजन ने एक पुलिस अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

**********************

हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार ने बताया कि एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 72 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

एफ.आई.एच. महिला हॉकी विश्वकप क्वालीफायर के फाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच आज शाम साढे सात बजे से तेलंगाना में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में अब तक दोनों टीमें अजेय रही हैं। मनीषा चौहान के गोल की मदद से भारत इटली को 1–0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। इस जीत के साथ भारत विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर चुका है। भारत ने लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है।

**********************

रांची में कल से वीमेंस अंडर 23 क्रिकेट के नॉकऑउट मुकाबले खेले जायेंगे। बीसीसीआई की ओर से आयोजित इस मुकाबले में भाग लेने पंजाब, दिल्ली और मुंबई समेत 10 टीमें रांची आ रही हैं। पहला मुकाबला तमिलनाडु और आँध्रप्रदेश के बीच जेएससीए स्टेडियम में खेला जायेगा।

*********समाप्त*************